


गांधी और शास्त्री जी की जयंती आज

## सूचना

**शुभकामनाएं**

असत्य पर जीत के प्रतीक दशहरा पर्व की नवभारत के सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनाएं.

**संपादक**

**अवकाश**

दशहरा पर्व के अवसर पर नवभारत कार्यालय में 2 अक्टूबर को अवकाश रहेगा. अतः अगला अंक 4 अक्टूबर को आपके हाथों में होगा.

**महाप्रबंधक**

# संघ की यात्रा राष्ट्र सेवा की मिसाल

## आरएसएस का शताब्दी समारोह : प्रधानमंत्री ने डाक टिकट और 100 रुपए का सिक्का किया जारी



**नई दिल्ली 01 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए डाक टिकट और 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया. राष्ट्रीय राजधानी के डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि केशव बलीराम हेडगेवार ने 1925 में नागपुर में संघ की स्थापना की.**

संघ अपने सामाजिक और सेवा कार्यों के लिए के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत, और सामाजिक सेवा में कई योगदान दिया है. आज जारी स्मारक टिकट और सिक्का इन्हीं योगदानों का प्रतीक है. उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को त्याग, निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण की अद्भुत मिसाल बताया. कहा कि आरएसएस के शताब्दी समारोह का हिस्सा बनकर अत्यंत गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं.


प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चल रहा है. संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का रास्ता चुना. इस रास्ते पर सतत् चलने के लिए नित्य और नियमित चलने वाली शाखा के रूप में कार्य पद्धति को चुना. उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार जानते थे कि हमारा राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हर व्यक्ति के भीतर राष्ट्र के प्रति दायित्व का बोध जागृत होगा. हमारा राष्ट्र तभी ऊंचा उठेगा, जब भारत का हर नागरिक राष्ट्र के लिए जीना सीखेगा, इसलिए वे व्यक्ति निर्माण में निरंतर जुड़े रहे. उनका तरीका अलग था. हमने बार-बार सुना है कि डॉ. हेडगेवार जी कहते थे कि जैसा है, वैसा लेना है. जैसा चाहिए, वैसा बनाना है.

पीएम मोदी ने कहा, संघ शाखा का मैदान एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की 'अहम् और वहम' की यात्रा शुरू होती है. संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञ वेदी हैं. उन शाखाओं में व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास होता है. स्वयंसेवकों के मन में राष्ट्र सेवा का भाव और साहस दिन प्रतिदिन पनपता रहता है.

इस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले आदि मौजूद थे.

### शेखावत और होसबोले ने किया संबोधित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं राष्ट्र निर्माण की प्रखर पाठशाला है. इसने देश को नई ऊर्जा देने का कम किया. होसबोले ने कहा कि संघ ने सौ विजयादशमी देखी हैं. संघ आज बहुत विशाल हुआ है और देश के कोने कोने में फैला हुआ है.


दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं!


## केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा

**नई दिल्ली 01 अक्टूबर. नए महीने की शुरुआत के साथ ही फेस्टिव सीजन में केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनधारकों को दिवाली का तोहफा दे दिया है. कैबिनेट की बैठक में लिए फैसले के तहत केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है.**

महंगाई भत्ते को लेकर 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जिसके बाद महंगाई भत्ता कर्मचारियों की बेसिक सैलरी का 58 प्रतिशत हो गया है महंगाई भत्ते को लेकर 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जिसके बाद महंगाई भत्ता कर्मचारियों की बेसिक सैलरी का 58 प्रतिशत हो गया है. डीए इस वर्ष के 1 जुलाई से प्रभावी होगा. केंद्र सरकार के इस फैसले से करीब 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा. बढ़ोतरी का ऐलान फेस्टिव सीजन के दौरान ही होता है.

### एक नजर में



#### एचएएल ने हासिल किया जीई-404 जेट इंजन

**नई दिल्ली.** भारतीय फाइटर जेट एलसीए एमके-1ए के निर्माण में तेजी आ रही है. इस श्रेणी के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस एलसीए एमके-1ए के लिए भारत के एचएएल को चौथा जीई-404 जेट इंजन मिल गया है. यह जानकारी बुधवार को दी गई. एचएएल को बीते महीने सितंबर में ही तीसरा जेट इंजन मिला था. एचएएल को इस वित्त वर्ष के अंत तक कुल 12 जीई-404 जेट इंजन मिलने की संभावना है.

#### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली.** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मंगलवार रात बुखार, थकान और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद बेंगलुरु स्थित एमएस रमैया मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया है. खरगे की सेहत के बारे में उनके बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियंक खरगे ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मल्लिकार्जुन खरगे की हालत स्थिर है और वे ठीक हैं. कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियंक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर बताया, खरगे को पेसमेकर लगवाने की सलाह दी.



# 9 लाख सरकारी कर्मियों को वेतन के लाले

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फंडिंग बिल को पास कराने में असफल

**वॉशिंगटन, 01 अक्टूबर. अमेरिका में शटडाउन लागू हो गया है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए. इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है.**



दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई. बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े. इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी. ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया. 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं. दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की.

डेमोक्रेट्स पार्टी ने उनके समर्थन में वोट नहीं दिया। डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाए। मुलाकात के कुछ घंटों बाद, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया, जिसमें सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज और सीनेट के अल्पसंख्यक नेता चक शूमर का मजाक उड़ाया गया। ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर आरोप लगाना जारी रखा और कहा कि उन्होंने उन्हें जरा भी झुकते नहीं देखा.

## देशभर में आज मनाया जाएगा दशहरा

**नई दिल्ली 01 अक्टूबर.** देशभर में गुरुवार को दशहरा का पर्व पूरे जोश के साथ मनाया जाएगा. रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाया जाएगा. दिल्ली के रामलीला मैदान में 70 फीट ऊंचा रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. इस बार रामलीला में हाई-टेक लेजर शो, ड्रोन लाइट्स और बॉलीवुड स्टाइल डायलॉग्स के साथ धमाल मचने को तैयार है, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगा.. सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस ने कमर कस ली है. रामलीला मैदान में ड्रोन निगरानी, एआई, सीसीटीवी और 500 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं.

# बहराइच में एक घर से मिलीं 6 लाशें

- पिता ने 2 बेटियों और पत्नी संग लगाई आग
- गांव के दो लड़कों की भी हत्या की

**लखनऊ 01 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के बहराइच में एक घर से 6 लाशें मिलीं. किसान ने पहले घर पर गांव के 2 लड़कों की हत्या की. फिर अपनी 2 बेटियों और पत्नी के साथ खुद को कमरे में बंद कर आग लगा दी. घर को आग लगाने से पहले वह मवेशियों को भी अंदर ले आया था.**

घटना रामगांव इलाके के निंदुरपुरवा गांव में बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुई. आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भागते हुए किसान के घर पहुंचे. देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई. चीख-पुकार मच गई. पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के अमले ने तुरंत आग पर काबू किया.

पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. बताया जाता है, विजय 3 लड़कों को लहसुन बुवाई के लिए लेकर आया था. एक लड़के को खेत भेज दिया, उसके बाद 2 लड़के राम नवमी पर पूजा-पाठ करने की बात कहकर जल्दी घर जाने की बात कहने लगे. इसी बात पर उसका झगड़ा हो गया, उसने दोनों लड़कों की हत्या कर दी. फिर खुद के फंसने के डर से पूरे परिवार को कमरे में ले जाकर बंद कर लिया और आग लगा ली.

### अस्थियां लेकर जा रहे मां-बेटे समेत 6 की मौत

**मुजफ्फरनगर.** मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में एक परिवार के 5 लोगों समेत 6 की मौत हो गई. इनमें 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं. तेज रफ्तार कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई. कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई. एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. एक की हालत गंभीर है. दरअसल, हरियाणा के रहने वाले महेंद्र जुनेजा की कैंसर से मौत हो गई थी. उन्हीं की अस्थियां को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी करनाल से हरिद्वार जा रहे थे.

# जिसे मजदूर ने पत्थर समझा वो निकला हीरा

- रास्ते में पड़ा मिला 25 लाख का हीरा
- माता के दर्शन कर लौट रहे गरीब की चमकी किस्मत

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना, 01 अक्टूबर. पन्ना में दो लोगों की किस्मत चमकी है. एक गरीब मजदूर को रास्ते मे हीरा पड़ा मिला. वहीं. दूसरा हीरा जोगेंदर सिंह निवासी हिसार हरियाणा को मिला.**

रत्नगर्भा नगरी पन्ना में आए दिन रंक से राजा बनते देखे जा रहे हैं. अब तो यह भी देखने को मिल रहा है कि लोगों को रास्ते मे ही हीरा पड़ा मिल जाता है. आज ऐसा ही मामला प्रकाश मे आया, जिसमें गुजार गांव के गोविंद सिंह गोंड को जंगल के रास्ते में 4.04 कैरेट वजन वाला जेम क्वालिटी का बेशकीमती हीरा पड़ा मिला है, जिसे गोविंद ने पन्ना आकर कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय में आज जमा करा दिया है.





गोविंद ने बताया कि वह मंगलवार को देवी मंदिर दर्शन करने के लिए जब जा रहा था तो रास्ते में यह चमकीला पत्थर पड़ा मिला. हीरा कार्यालय में जब इसे हीरा पारखी को दिखाया तो पता चला कि यह मामूली पत्थर नहीं बल्कि सचमुच में हीरा ही है. हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि गोंविद सिंह गोंड को मंदिर के रास्ते में मिला हीरा जेम क्वालिटी (उज्जवल किस्म) का है, जिसकी आगामी होने वाली हीरों की नीलामी में अच्छी कीमत मिलेगी. जानकारों का कहना है कि यह हीरा अच्छी क्वालिटी का है, इसलिए नीलामी में इस हीरे की अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद है. इसकी अनुमानित कीमत 20 से 25 लाख रुपये आंकी जा रही है. हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि इस हीरे को आगामी होने वाली नीलामी में बिक्री के लिए रखा जाएगा. इसकी बिक्री से जो राशि प्राप्त होगी, उसमें से शासन की रॉयल्टी काटने के बाद शेष पूरी राशि हीरा धारक गोविन्द सिंह गोंड को प्रदान की जाएगी. वहीं, जोगेंदर ने मई महीने में पन्ना से लगी पटी में हीरा खदान स्वीकृत कराई थी, जिसे 1.27 कैरेट का उज्जवल हीरा मिला है जिसे उन्होंने हीरा कार्यालय मे जमा करा दिया है।












**गांधी जयंती पर विशेष** | उनकी स्मृतियों को भी नहीं सहेज पाए विन्ध्य के लोग, अभी भी मौजूद है मूक गवाही के लिए पीपल का पेड़

# बापू ने नौ दशक पहले सतना के लोगों के सामने फैलाई थी झोली

**डां.संजय पयासी**

**सतना 1 अक्टूबर, प्रगति और विकास के बीच स्मृतियों को सहजने और अपने आदर्शों की पहचान को किसी न किसी रूप में कायम रखना अब आसान नहीं रह मुश्किलें पहले भी थी संसधान और इच्छाशक्ति की.कुछ जानकर खुश होगें और कुछ दुखी की अब से 94 साल पहले बापू यानी राष्ट्रपिता मोहनदास करम चन्द्र गांधी ने इसी शहर में लोगों से झोली फैलाकर मदद की गुहार लगाई थी.**

यह वाक्य अब शायद ही किसी के जहन में हो पर वह पीपल का पेड़ मूक गवाही के लिए आज भी मौजूद है.यह बात अलग है कि गवाह को भी खोजना पड़ेगा. गांधी जयन्ती के अवसर पर कल यानी 2 अक्टूबर को सरकारी और गैरसरकारी तौर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे,पर किसी भी कार्यक्रम में इस बात का जिक्र नहीं होगा कि बापू अपने जीवनकाल में दो बार विन्ध्य की धरती पर आ चुके हैं.काफी खोजबीन के बाद यह पता चला कि बापू पहली बार 1931के जनवरी महीने में आए थे.ऐसा स्थानीय इतिहासकारों ने अपने दस्तावेजों में उल्लेख किया है.पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिवानन्द जी ने अपनी पुस्तक सतना नगर:प्रारम्भ से सन् 1950 तक में 28 जनवरी 1931 को बापू का सतना आना और जनसभा को सम्बोधित करने का उल्लेख किया है.दूसरे इतिहासकार चिन्तामणी मिश्रा ने अपनी पुस्तक मेरी बस्ती मेरे लोग में भी इसी वर्ष का उल्लेख किया है.यह बात अलग है कि इतिहास में 1931 में गांधी जी सविनय अवज्ञा आन्दोलन का आहवान कर चुके थे.इसी के साथ इसी वर्ष में गोलमेज बैठक के दौरान गांधी और इर्विन समझौता हुआ था.यह बात दूसरी है कि गांधी ने छूआछूत के खिलाफ अपना आन्दोलन 1933 में शुरू किया था.इसी के तहत उन्होने देश भ्रमण का कार्यक्रम तय किया था.सतना भी लोगों को रेलवे स्टेशन में सम्बोधित कर छूआछूत को पूरी तरह खत्म करने की अपील की थी.साथ मदद के लिए झोली फैलाकर हरिजन अब असंवैधानिक फण्ड के लिए मदद मांगी थी.यह सभा तक के रेलवे इदारा के समीप पीपल के पेड के नीचे हुई थी.यह पेड अभी प्लेटफार्म क्रमांक दो के लिए बनाई गई सरगनसेनी के नीचे केंटिन के पीछे मौजूद है.





बापू की दूसरी यात्रा 1942 में असहयोग आन्दोलन के समय बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के रजत जयंती कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुम्बई से बनारस के लिए यात्रा करने के दौरान हुई थी.इस यात्रा में वे ट्रेन से नहीं उतरे लेकिन उनकी एक झलक पाने के लिए स्टेशन की सारी टिकटे बिक चुकी थी.पुलिस बिना टिकट किसी को अन्दर नहीं जाने दे रही थी.इसके समाधान के लिए सेठ गनपत प्रसाद लल्ला मारवाडी ने सारी टिकट खरीद कर लोगों में बांट दी थी.